**केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन**
**मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज**
**जनसम्पर्क विभाग**

संख्या : कोर/जी/पीआर/010/भाग-XXII दिनांक 27.10.2020

## प्रेस विज्ञप्ति

### केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, में " सतर्कता जागरूकता सप्ताह" का शुभारम्भ

-------------

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 का उद्घाटन समारोह दिनांक 27.10.2020 को केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक श्री यशपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा श्री सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि देकर किया गया। इसके बाद संगठन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ली गई। इस अवसर पर अधिक से अधिक कर्मचारियो से जुडने हेतु वेब लिंक का भी प्रयोग किया गया।

दिनांक 27.10.2020 से 02.11.2020 तक सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वाक प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा सतर्कता जागरूकता पैदा करने की दृष्टि से सेमिनार जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष इस सप्ताह के दौरान किया जाता है।

(अमिताभ शर्मा)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज